जल्द मंजूर होगी फिल्म सिटी की डीपीआर

लखनऊ। यमुना एक्सप्रेस-वे के पास बनने वाली फिल्म सिटी की विस्तृत कार्ययोजना जल्द मंजूर हो जाएगी। सोमवार को लखनऊ में सूचना विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में फिल्म सिटी की डीपीआर पर चर्चा की गई। सहगल ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट अथॉरिटी की ओर से तैयार कराई गई फिल्म सिटी की डीपीआर में फिल्म सिटी के मॉडल और वहां होने वाले अवस्थापना सुविधाओं से जुड़े कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों एक में डीपीआर को लेकर फिर बैठक आयोजित की जाएगी। उसके बाद डीपीआर को मंजूरी देने की कार्यवाही आगे बढ़ेगी। बैठक में यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी के सीईओ अरुण वीर सिंह, सूचना निदेशक शिशिर भी मौजूद थे। ब्यूरो